शहर में गौवंशों के उपचार में लापरवाही... पृष्ठ 2
स्वच्छता नोडल शिक्षकों एवं सफाई.. पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

शनिवार, 13 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 271, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## अब अटक-अटक कर नहीं, सांय-सांय जाएगी मितानिन बहनों के बैंक खाते में राशि : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। मुख्यमंत्री साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। इस अंतरण से राज्य भर की मितानिन बहनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हुआ। इस राशि में केंद्र एवं राज्य के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल है। ये राशि 69 हजार 607 मितानिन बहनें, 3 हजार 448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्यवक एवं 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान की गई।

मुख्यमंत्री ने मितानिन बहनो को संबोधित करते हुए कहा कि पहले उन्हें कई चरणों में अटक अटक कर राशि मिलती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और हर महीने सांय सांय उनके खाते में पैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार हैं जो सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी इमानदारी से काम करती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मितानिन बहनों के लगन और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मितानिन राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं जिन्होंने ग्रामीण अंचलों के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य की बागडोर संभाल रखी है। उन्होंने कहा कि पहले भी मितानिनों को बैंक में राशि दी जाती थी, लेकिन ये राशि ब्लाक स्तर अनियमित अंतराल पर आती थी और उसमें केंद्र, राज्य तथा स्वयं के अंश की जानकारी नहीं होती थी। नई व्यवस्था में मितानिन बहनों को प्रतिमाह राशि उनके बैंक खाते में मिलेगी जिसमें उनके केंद्र, राज्य और स्वयं के प्रोत्साहन राशि की जानकारी भी मितानिन पासबुक के माध्यम से मिलेगी। श्री जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों की मेहनत के कारण ही छत्तीसगढ़ मे संस्थागत प्रसव की दर लगातार बढ़ रही है और लोगों में जागरुकता फैल रही है, उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों के कारण पूरे देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र मे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हो रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से आई हुई मितानिन बहनों से बात भी की और उन्हें मितानिन पासबुक देकर शाल एवं श्री फल से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक श्री इंद्र कुमार साहू, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## श्रद्धांजलि...



जैसे-जैसे समय बीतते जाता है, तस्वीरे धुंधली होते जाती है, और लोग उगते सूरज को सलाम करने लगते है। ऐसा हो कुछ नजारा आज जिले के पुलिस लाइन में देखने मिला, जिले के मदनवाड़ा और कोरकोटटी में 12 जुलाई 2009 को नक्सलियों ने एम्बुश लगाकर जिले की सबसे बड़ी वारदात को अंजाम दिया था, जिसमे तात्कालीन एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवान शहीद हुए थे।

2009 के बाद प्रतिवर्ष आज के दिन जिले के पुलिस में श्रद्धाजंलि का कार्यक्रम आयोजित होता है, जिसमे देश भक्ति गीत, भजन,रक्तदान, वृक्षारोपण, शहीदों को नमन, शहीद परिवारों का सम्मान इत्यादि कार्यक्रम होते आ रहे है, जो पूरे दिनभर चलते थे। आज घटना को पूरे 15 वर्ष बीत गए। आज का आयोजन महज 30 मिनट में सिमट कर रह गया। मानो विभाग अब केवल औपचारिकता जी निभा रहा है।

## यातायात नियमों का पालन देता है सुरक्षित यात्रा की गारंटी: मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिस्टम को हाईटेक कर हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने आज अपने आवास से 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए हमें यातायात नियमों का पालन करने के लिए अधिक सचेत और गंभीर होने की आवश्यकता है। नियमों का पालन कर हम न केवल अपने बल्कि सहयात्रियों के अधिकारों का भी सम्मान करते हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक श्री अनुज शर्मा और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाहनों की उपयोगिता और तकनीकी विशेषताओं की जानकारी भी ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर वर्ष हजारों लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं और कई लोगों में स्थाई दिव्यांगता आ जाती है।

इस समस्या का समाधान समाज के सभी वर्गों के सहयोग से हो सकता है। यातायात नियमों का पालन कर वाहन चालक न केवल अपना व अपने परिवार बल्कि समाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

नियमों का पालन करने से सड़कों पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रहती है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सकता है। गंतव्य तक की यात्रा सुखद और सुरक्षित अनुभव के साथ पूरी होती है।

## माता शबरी की पवित्र धरती शिवरीनारायण के बेर लेकर रामलला के दर्शन करने आज अयोध्या जाएंगे मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके कैबिनेट के सहयोगी श्रीरामलला के दर्शन करने शनिवार को अयोध्याधाम जाएंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर माता शबरी की पवित्र धरती शिवरीनारायण से बेर फल की टोकरी भी उपहार स्वरूप रामलला को भेंट करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय विष्णुभोग चावल, कोसा वस्त्र, कारी लड्डू, अनरसा और सीताफल सहित अन्य सामग्री भी रामलला को भेंट करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रभु श्रीराम ने शिवरीनारायण में ही माता शबरी के जूठे बेर खाये थे। यह ननिहाल से अपने भांचा राम को भेंट होगी। उल्लेखनीय है कि प्रभु श्रीराम का छत्तीसगढ़ के जनजातीय लोगों से गहरा स्नेह था। माता शबरी के जूठे बेर की कहानी रामायण की सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट के साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन करेंगे और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

## लोक निर्माण विभाग में चल रहा 13 प्रतिशत का खेल ?

### ठेकेदार हो रहे परेशान गुणवत्ता को लेकर लग रहे सवालिया निशान




**राजनांदगांव।** लोक निर्माण विभाग में 13 प्रतिशत का खेल होने की खबर छनकर आ रही है इस खेल से जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। अगर सुछमता से जांच की जाए तो इस 13 प्रतिशत के खेल में बड़े-बड़े अधिकारी और नेता लपेटे में आ सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस 13 प्रतिशत के खेल से ठेकेदारों को परेशानियां होने लगी है। खबर है कि विभाग के बड़े अधिकारी 5 प्रतिशत की डिमांड करते हैं बाकी 7 प्रतिशत ऊपर के नेताओं और अन्य अधिकारियों को जा रहा है। 13 प्रतिशत की कमीशन की मांग से निर्माण कार्यों में ठेकेदारों को स्तर हीन सामग्री लगानी पड़ रही है। ऐसे में निकट भविष्य में निर्माण कार्य जल्दी कबाड़ हो जाने की संभावना बनी हुई है। खबर है कि विभाग ईई ए के चौहान के इशारे पर करोड़ों का खेल हो रहा है। जो 13 प्रतिशत देने में आनाकानी कर रहे उन ठेकेदारों का बिल पास कराने कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहा है। यह भी जानकारी मिली है। कि इस 13 प्रतिशत की मांग से परेशान ठेकेदार संगठित होकर निकट भविष्य में आंदोलन करने का मूड बना रहे हैं। ठेकेदार इससे पहले ईई श्री चौहान से मिलकर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर करेंगे फिर भी वही पुराना डरा चलते रहा तो लोक निर्माण विभाग का काम बंद करने से भी नहीं चूकेंगे। ऐसी स्थिति में बड़ी संख्या में ठेकेदार लोक निर्माण विभाग के काम करने के बाद भी अपने बिल पेमेंट के लिए लोक निर्माण विभाग के दफ्तर का चक्कर काटने मजबूर है। लोक निर्माण विभाग की ईई श्री चौहान के द्वारा मांगे जाने कमिश्नर को लेकर ठेकेदारों में भारी नाराजगी देखने को मिल रहा है।

## केजरीवाल को ईडी केस में जमानत लेकिन सीबीआई केस में जेल में ही रहेंगे



**दिल्ली।** शराब नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा- केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सीएम बने रहना है या नहीं खुद तय करें।

## एक नवम्बर से लागू होगी छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति : उद्योग मंत्री देवांगन



**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 01 नवम्बर 2024 से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और प्रदेश के निवासियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। श्री देवांगन ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा हाल ही में सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 का शुभारंभ किया गया है। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस मिलेगा। मंत्री श्री देवांगन ने आज शाम यहां राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित एक निजी होटल में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 03 महीना लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इसे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। छोटे और मध्यम उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के विजन 2047 तक विकसित भारत और विकसित राज्य का निर्माण कैसे होगा, इस दिशा में काम किया जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि उद्योग और श्रम विभाग का परस्पर संबंध है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विष्णु देव सरकार ने छत्तीसगढ़ के बजट को अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

## देश के विकास और जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी और पेड़ संरक्षित करना है आवश्यक: मंत्री राजवाड़े



**रायपुर।** देश के विकास और जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी और पेड़ का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। यह वक्तव्य महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज जल शक्ति से नारी शक्ति एवं 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम चलाकर महावृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला बाल विकास विभाग द्वारा यह महावृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ियों में 12 जुलाई से तीन लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रायपुर के ग्राम टेमरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक सुश्री तूलिका प्रजापति, डीपीओ श्रीमती निशा मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अनंत-राधिका की शादी आज



मुंबई। एशिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी आज राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। जानकारी के अनुसार मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में दोपहर 3 बजे बारात इकट्ठा होगी। सबसे पहले साफा बांधन का कार्यक्रम होगा। वरमाला के बाद रात 9.30 बजे फेरे होंगे। आज अनंत अंबानी की शादी में देश और दुनिया भर के सिलेब्रिटीज़ रंग जमाने वाले हैं। इस खास मौके पर अंबानी परिवार की ओर से कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

## अविश्वास प्रस्ताव चुनाव में कांग्रेस की जीत



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका परिषद में भाजपा के द्वारा नपाध्यक्ष पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के चुनाव मतदान प्रक्रिया में कांग्रेस की जीत हुई है व अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करते हुए सुदेश मेश्राम नपाध्यक्ष की कुर्सी पर यथावत बने रहेंगे। 12 जुलाई को नगर पालिका डोंगरगढ़ में पीठासीन अधिकारी खेमलाल वर्मा अनुविभागीय

अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ की उपस्थिति में पक्ष विपक्ष के नगर के 23 पार्षदों ने मतदान किया। जिसमें बीजेपी के पक्ष में 15 मतदान व कांग्रेस के पक्ष में 08 मतदान किए जाने की जानकारी चुनाव ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियो ने दी। बताया गया कि नगर में कुल 23 पार्षद है व 01 पार्षद दिवंगत हो चुके है। भाजपा को अविश्वास प्रस्ताव लाने सहित पूर्ण बहुमत साबित करने के लिए 16 पार्षदों के मत की जरूरत थी परंतु 15 मत ही प्राप्त हुए। इस प्रकार अविश्वास प्रस्ताव खारिज हुआ व पुन: कांग्रेस के नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम को अध्यक्ष की कुर्सी यथावत है।

### कांग्रेस के पार्षद ने की क्रास वोटिंग।

नगर के कुल 24 वार्डो में भाजपा के 14 पार्षद तो कांग्रेस के 09 पार्षद है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कई कांग्रेस के किसी पार्षद ने क्रास वोटिंग कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है जो चर्चा का विषय बना रहा।

### मतदान के रेशो का हवाला देते भाजपा ने की आपत्ति। आपत्ति हुई खारिज।

कांग्रेस की जीत की घोषणा होते ही कांग्रेसियो ने नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम को कंधे पर उठा फटाका फोड़ मिठाई बाँटते जीत की खुशी का जश्न मनाने लगे तो हार का कड़वा स्वाद चखे भाजपाई 15/8 में रेशो निकालने की बात कहते जीत का दावा करते आपत्ति दर्ज करते दिखे जिस पर एसडीएम ने जिला कलेक्टर को अवगत कराते मार्गदर्शन पर कांग्रेस की जीत पर अंतिम मोहर लगाई।

### दोनों प्रमुख पार्टी के दिग्गजों ने लगाया जोर।

अविश्वास प्रस्ताव के चुनाव में प्रमुख दोनो पार्टियों के दिग्गज नेता अपनी पार्टी को समर्थन देने पहुँचे। कांग्रेस से पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला, विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल, जिलाध्यक्ष भागवत लाल साहू तो भाजपा से भरत वर्मा, हरविंदर एस मंगे,अमित जैन सहित बड़ी संख्या में दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद दुकानों में मिली अनियमितता, 3 दुकानों को नोटिस जारी



**रायपुर।** बलौदाबाजार जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पायी जाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षकों के द्वारा बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषकों को केवल गुणवत्तायुक्त बीजों का ही विक्रय किया जाए। साथ ही कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये है की कृषकों को नकली एवं कालातीत दवाईयों को किसी भी परिस्थिति में विक्रय न किया जाए। शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरको का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। पीओएस मशीन से विक्रय पश्चात ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कम्पनी को प्राप्त होता है। इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पीओएस के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** आज दिग्विजय महाविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव द्वारा महाविद्यालय के रजिस्ट्रार को प्राचार्य के नाम का ज्ञापन सौंपा गया अभाविप के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया की महाविद्यालय, शा. दिग्विजय महाविद्यालय में बी.सी.ए. में अध्ययन हेतु सिर्फ गणित ( मैथ्स ) के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है किंतु आट्र्स,कॉमर्स,बायो के छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है जबकि पूर्व में सभी संकायों के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था इसलिए अभाविप राजनांदगांव ये मांग करता है की बी.सी. ए. में सभी संकायों के छात्रों को प्रवेश दिया जाय।

## बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा रविवार 14 जुलाई को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 14 जुलाई 2024 को एक पाली में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक जिला मुख्यालय राजनांदगांव के कुल 6 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन करने भी कहा गया हैं।

## मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के सभी देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेंट बार, होटल, बार, क्लब, मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील डोंगरगांव एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 1 लाख रूपए तथा राजनांदगांव तहसील अतिवृष्टि से 7 मकान आंशिक क्षति होने पर 28 हजार रूपए, तालाब में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, आग से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## जिले में अमानक कीटनाशक औषधि के भण्डारण एवं विक्रय पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव।** जिले में क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत + सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का अमानक घोषित होने पर जिले में भण्डारण व विक्रय करने पर तत्काल प्रतिबंध कर दिया गया है। अनुज्ञापन अधिकारी एवं उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि क्रॉपराईस एग्रोकेम लिमिटेड मुम्बई द्वारा निर्मित कीटनाशक औषधि एथियोन 40 प्रतिशत + सायपर मेथ्रिन 5 प्रतिशत ईसी का नमूने शिव कृषि केन्द्र मोहारा डोंगरगढ़ से लिया गया। नमूने को छत्तीसगढ़ राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला ठेलकाडीह राजनांदगांव में विश्लेषण उपरांत अमानक घोषित किया गया।

**शुभांक**
5-7-9
578-0-400-4
**भाग्यांक**
247-3-256-3

## 17 जुलाई को मुहर्रम पर शुष्क दिवस घोषित

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी चंद्रकांत वर्मा ने मुहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस में जिले में स्थित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को बंद रखा जायेगा।

# शहर में गौवंशों के उपचार में लापरवाही, बजरंग दल का फूटा गुस्सा, पशु चिकित्सालय का घेराव और ताला लगाने पहुंचे गौ-सेवक



**राजनांदगांव।** शहर में बढ़ते हुए एक्सीडेंटो के बीच बजरंग दल और जीव सेवी संस्थान बढ़-चढ़कर आवारा मवेशियों के घायल होने पर उपचार जैसे प्रबंध कर दे है, वही शासकीय पशु चिकित्सालय की बड़ी लापरवाही के चलते गौ वंश मृत्यु को प्राप्त हो रहे है। नगरवासियों द्वारा कुछ दिनों से गौवंशो को बिना उपचार के मौत और शासकीय डॉक्टर की लेटलतीफी पाए जाने पर बजरंग दल का गुस्सा फूटा।

सुबह बजरंग दल के बजरंगी पूरे आक्रोश से पशु चिकित्सालय कस्तूरबा स्कूल के सामने पहुंचे और प्रभारी से इस स्थिति और इनके समाधान की बात की, जिसके बाद जिला कलेक्टर एवं पशु चिकित्सा अधिकारी के त्वरित समाधान आश्वाशन पर शांत हुए। यहां उपस्थित प्रांत गौरक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे ने बताया कि शहर में लंबे समय से पशु चिकित्सकों की लापरवाही और बहानेबाजी की शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही थी, राजनांदगांव संस्कारधानी माना जाता है, जहां अनेक संस्थान अपने-अपने स्तर पर प्राणियों और गौवंशों की सेवा कर रहे है, परंतु जब वे इस पशु चिकित्सालय से मदद मांगते हैं तो उन्हें दवाइयां न होने, स्टाफ न होने का हवाला दिया जाता है। फिर इस पशु चिकित्सालय का काम ही क्या है, ये ऑफिस में बैठकर राज्य का वेतन कमा थे है और गौ-सेवकों दिन-रात मेहनत कर रहे है। इसी कारण आज यह कार्यवाही की गई और प्रशासन से गौ रक्षा हेतु सख्त रूख अपनाने की नसीयत दी गई, अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा। वहीं राजनांदगांव जिला गौरक्षा प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि पशु चिकित्साक अपने आप में वार्ड डिविजन जैसी अजीब-अजीब व्यवस्था कर के बैठे है, जिस से शहरवासियों से घटना स्थल की सूचना मिलने पर वो एरिया हमारा नहीं है, ऐसे पशु चिकित्सकों के होते है। राजनांदगांव में एक वीआईपी कल्चर विद्यमान हो चुका है, जिसमें कुछ खास व्यक्तियों का ही फोन ये डॉक्टर उठाते है और इलाज हेतु रिस्पॉन्स करते है, ऐसे में एक सामान्य नागरिक कहां जाए, जिनकी सेवा के लिए इन पशु चिकित्सकों को सरकार ने नियुक्त कर वेतन पर रखा है। ये पूरी तरह से बंद हो और जिले की मोबाइल यूनिट से कोई सेवा आज तक नगरवासियों को नहीं मिल सकी है, जबकि यह 4 वेन संचालित है। इन वेनों में से एक नगर निगम के 51 वार्डो हेतु प्रशासन मोबाइल यूनिट आरक्षित करें।

# वृक्ष ही जीवन का आधार है : कृष्णा साहू





**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ी कला में सरपंच कृष्णा साहू के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम की अपील पर पौधारोपण का कार्य किया गया। सरपंच कृष्णा साहू ने कहा की पौधारोपण हमें जरूर करना चाहिए ताकि आने पीढ़ी को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है।पृथ्वी पर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता इसमें होती है सरपंच कृष्णा साहू ने शासन की योजना एक पेड़ मां के नाम को सराहनीय प्रयास बताया उन्होंने आगे कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में कितने उपयोगी और आवश्यक है। वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना करना भी संभव नहीं है जब तक वृक्ष है तब तक हमें जीवन उपयोगी ऑक्सीजन मिलता रहेगा. पेड़ पौधे के कारण ही वातावरण शुद्ध होता है पेड़ पौधे बादलों को आकर्षित कर वर्षा करवाते हैं।इस कार्यक्रम में राजनांदगांव जनपद पंचायत हेमलता मैडम, लोकेश्वरी देवांगन, अनीता देवांगन, गुलाब दास साहू, देवेंद्र देवांगन, सुरेंद्र निषाद, मोहन देवांगन, चरण देवांगन,शिवकुमार यादव,हालूराम देवांगन, सचिव, रोजगार सहायक महिला समूह के सदस्यगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को राजनांदगाव जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती सुषमा सावंत ने बताया कि लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में सुनाये गये फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाये गये फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाये गये फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिले के नागरिकों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अपील की है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकरों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालयों राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित कुल 43 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री पशुपालन एवं मछली पालन राजीव रंजन सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम जोरातराई में स्थापित केच कल्चर तकनीक से मछली पालन का किया शुभारंभ

### मछली पालन से मिलेगा कई परिवारों को रोजगार



**राजनांदगांव।** केन्द्रीय राज्य मंत्री पशुपालन एवं मछली पालन श्री राजीव रंजन सिंह ने नई दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई में स्थापित केच कल्चर तकनीक के माध्यम से मछली पालन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक संचालक मत्स्य पालन एसके साहू ने बताया कि जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए केज कल्चर तकनीक का उपयोग कर मछली उत्पादन शुरू किया जा रहा है। केज कल्चर को नेट पेन कल्चर भी कहा जाता है। इसके लिए जोरा तराई खदान का चयन किया गया है और पानी पर 9 यूनिट प्रति इकाई 18 कैज 162 फ्लोटिंग केज लगाए गए हैं। जहां केज कल्चर तकनीक का उपयोग कर मछली पालन शुरू किया जा रहा है। बंद पड़ी खदानों में मछली पालन से कई परिवारों को रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केज कल्चर मछली पालन की एक ऐसी तकनीक है, जिसमें जलाशय में एक निर्धारित स्थान पर फ्लोटिंग केज यूनिट बनाई जाती है। सभी यूनिट एक दूसरे से जुड़ी होती हैं। एक यूनिट में चार बाड़े होते हैं। एक बाड़ा 6 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और 4 मीटर गहरा होता है। बाड़े के चारों ओर प्लास्टिक का मजबूत जाल होता है। इसे कछुए या अन्य जलीय जीव काट नहीं सकते। पानी में तैरते इसी जाल के बाड़े में मछली पालन किया जाता है। इन जालों में उंगली के आकार की मछलियों को पालन के लिए छोड़ दिया जाता है। मछलियों को रोजाना दाना डाला जाता है। ये मछलियां पांच माह में एक से सवा किलो की हो जाती हैं। मछली पालन की यह तकनीक जलाशय मत्स्य विकास योजना के तहत शुरू की जा रही है। खास बात यह है कि जलाशय के मूल उद्देश्य को प्रभावित किए बिना मत्स्य उत्पादकता को बढ़ाना है।

तालाब या झीलों की तुलना में केज में मछलियां तेजी से बढ़ती हैं। इसमें मछलियां स्वस्थ और सुरक्षित रहती हैं। मछलियों को खिलाना भी आसान है। मछलियों के बीमार होने की संभावना कम होती है, क्योंकि बाहरी मछलियों के संपर्क में नहीं आना होता। इसमें संक्रमण का खतरा भी नहीं रहता। मत्स्यपालक अपनी जरूरत और मांग के अनुसार केज से मछलियां निकाल सकते हैं। जरूरत नहीं होने पर मछलियों को केज में ही छोड़ा जा सकता है।

# वृक्ष गंगा समिति राजनांदगांव



**राजनांदगांव।** वृक्ष गंगा समिति राजनांदगांव द्वारा शंकरपुर स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में वृक्षारोपण कि या गया जिसमें वार्ड पार्षद शिव वर्मा जी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। शाला के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी वृक्षारोपण कर कार्य को संपादित किया । शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं एवं पार्षद जी तथा वृक्ष गंगा समिति के सदस्य श्री राजेन्द्र यादव जी, अधिवक्ता विवेक शुक्ला जी (विक्की), दिलीप गुप्ता, छम्मन देवांगन, समिति के संयोजक रमेश पुरोहित ने कार्य को पूर्ण संपादित किया। इसी प्रकार दिनांक- 11 जुलाई 2024 को केशरनगर स्थित गार्डन में पीपल वृक्ष श्री अमित खण्डेलवाल, ओमप्रकाश जी लड्ढा, दिलीप गुप्ता, समिति संयोजक रमेश पुरोहित ने रोपण किया। यह वृक्ष सत्यनारायण धर्मशाला के सामने श्री नारद सिन्हा ने अपने घर में जो प्रतिदिन की पूजा के लिये पौधा रोपित किया था उसे 5-6 फीट की ऊचांई तक पाला-पोषा और समिति को उपलब्ध कराया। जिसे समिति संयोजक द्वारा वृक्ष के पूर्ण विकास के लिये केशर नगर गार्डन में खाद डालकर तथा सुरक्षित कर रोपण किया साथ ही केशर नगर के निवासियों से निवेदन किया गया कि सनातन धर्म में पीपल का वृक्ष देव वृक्ष माना जाता है जिसकी प्रतिदिन पूजा एवं जल चढ़ाया जाता है। अत: सभी निवासियों ने समिति को इस पर जल एवं सुरक्षा का आश्वासन दिया गया। वृक्ष गंगा समिति राजनांदगांव- राजनांदगांव निवासियों से करबद्ध निवेदन करती है कि इस प्रकार की पवित्र पौधे तैयार कर 5-6 फीट की उंचाई तैयार कर ली है तो कृपया वृक्ष गंगा समिति के अधोउल्लेखित सदस्यों से उनके मोबाईल पर सूचना देकर उस 5-6 फीट के पौधे को पूर्ण विकास के लिये समिति को प्रदान करें।

# शिक्षक विहीन उमरवाही प्राथमिक शाला प्रभारी प्रधान पाठक के भरोसे




**जोंधरा।** कहते हैं नींव जितनी मजबूत होगी भवन भी उतनी ऊंची बना सकते हैं परंतु यदि नींव कमजोर हो तो भवन कभी भी धरासााई हो सकता है शिक्षा के मामले में भी ऐसा ही कुछ है क्योंकि प्राथमिक शाला से ही विद्यार्थी अक्षर ज्ञान सीखना शुरू करता है पहाड़ा से लेकर अंक गणित सब कुछ प्राथमिक शाला में ही सिखाया जाता है, पर छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत उमरवाही प्राथमिक शाला इन दिनों पूरी तरह शिक्षक विहीन है । यद्यपि शिक्षा विभाग ने व्यवस्था बनाते हुए अन्यत्र पदस्थ शिक्षक को यहां प्रभारी प्रधान पाठक के रूप में अटैच किया हुआ है पर शिक्षण कार्य के लिए एक भी शिक्षक वर्तमान में उक्त शाला में पदस्थ नहीं है। तीन वर्षों से शिक्षक विहीन है प्राथमिक शाला - उमरवाही प्राथमिक शाला जिसकी स्थापना सन 1962 में हुई थी आज 62 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। लगभग 3500 की आबादी वाले ग्राम उमरवाही प्राथमिक शाला पिछले दो-तीन वर्षों से शिक्षक विहीन है सत्र 22-23 में क्षुनिया घरेन्द्र प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ रही जो सन 2024 में सेवा नियुक्त हो गई । अकेले 5 कक्षाओं के लिए उन्होंने शाला प्रबंधन व स्वयं की वेतन राशि से अतिथि शिक्षकों के भरोसे दो वर्षों तक अध्यापन कार्य को गति प्रदान करते रही है।दो शिक्षकों की नितांत आवश्यकता - शाला में दर्ज संख्या के हिसाब से दो शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यक है वर्तमान में शाला की दर्ज संख्या 54 हैं दर्ज संख्या के हिसाब से एक प्रधान पाठक सहित दो सहायक शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है । सरपंच गोरी बेगम, समाजसेवी लक्ष्मी चंद जैन, अनंत तिवारी, भागीरथी राणा, ठाकुर राम मुकेश भुवार्य, भगवानी राम भुवार्य आदि ने शासन से शीघ्र ही शाला में शिक्षक नियुक्ति की मांग की है।

# बेटा ही निकला माँ और भाई का हत्यारा, बस्तर पुलिस ने किया बारह घंटे में खुलासा



**जगदलपुर।** शहर में बीते कल गुरुवार को हुए दिल दहलाने वाले डबल मर्डर केस में पुलिस को सफलता मिली है. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.बस्तर एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि पुलिस को बीते कल शहर के अनुपमा चौक में स्थित एक घर में एक महिला और उसके एक बेटे की हत्या होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. इसी दौरान पुलिस को घर से मृतिका का दूसरा बेटा घायल और बेहोशी की हालत में मिला. युवक की हालत को देखते हुए पुलिस और अन्य लोगों की मदद से तुरंत ही उसे बेहतर ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. मामले को गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की. मृतकों की शिनाख्ती गायत्री गुप्ता और नीलेश गुप्ता के रूप में की गई. और घायल युवक की पहचान नितेश गुप्ता के रूप में हुई. जांच करने के लिए पुलिस की चार अलग अलग टीमों को तैयार किया गया. पुलिस की एक टीम घटना के समय घटनास्थल में मौजूद मोबाइल फ़ोन नंबर की जांच कर रही थी. दूसरी टीम वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच में जुटी थी. तीसरी टीम मृतकों के पड़ोसियों और अन्य लोगों से अधिक जानकारी जमा करने में लगी थी. और चौथी टीम घायल युवक से घटना के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही थी. पूछताछ के दौरान नितेश लगातार अलग - अलग बयान देकर पुलिस को उलझाने लगा. इसके बाद पुलिस को नितेश पर शक हो गया. शक होते ही पुलिस ने नितेश से कड़ाई से पूछताछ शुरू की. कड़ी पूछताछ में नितेश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. नितेश ने पुलिस के सामने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 10 जुलाई की रात उसकी माता और बड़ा भाई एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लगभग 11 बजे पहुंचे थे. रात में ही तीनों बैठकर नार्मल बात करने के बाद सभी लोग सो गए. देर रात करीबन 2:30 बजे नितेश सिगरेट पीने के लिए पीछे आंगन में गया. इसी दौरान नितेश का बड़ा भाई नीलेश भी उठ गया. नितेश को सिगरेट पीता देख नीलेश नाराज हो गया. नीलेश ने नितेश को फटकार लगाई. डांट फटकार के बाद दोनों भाईयों के बीच हाथापाई शुरू हो गई. हाथापाई के दौरान नितेश ने पास में ही रखे एक बर्तन से नीलेश के सिर में हमला कर दिया. सिर में चोट लगने से नीलेश जमीन पर गिर गया. आवाज सुनकर नितेश और नीलेश की मां गायत्री भी उठ गई. नीलेश को जमीन पर गिरा देखकर गायत्री नितेश पर नाराज हो गई. इसके बाद गायत्री नितेश को डांटने लगी. नितेश पहले से ही गुस्से में था. नितेश ने फिर उसी बर्तन से अपनी मां के सिर पर हमला कर दिया. इस हमले में नीलेश और उसकी मां गायत्री बुरी तरह से घायल हो गए. नितेश का गुस्सा यहां भी शांत नही हुआ. नितेश ने रस्सी नुमा एक नाड़े से पहले नितेश की गला घोंटकर हत्या की फिर दूसरे रस्सी से उसने अपनी माता का भी गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया. अपने भाई और माता को मारने के बाद पुलिस से बचने के लिए नितेश ने शरीर पर ब्लेड मारकर अपने आप को घायल कर लिया और अपने पैर और हाथ को रस्सी से बांधकर दो घण्टे तक बाथरूम में बैठा रहा. जब सुबह हुई और पुलिस घर के अंदर पहुंची तो नितेश बेहोश होने का एक्टिंग करने लगा. आगे एसपी शलभ सिन्हा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि बीते 5 - 6 महीने से दोनों भाई के बीच सम्बंध ठीक नही चल रहे थे. पारिवारिक मुद्दों को लेकर अक्सर दोनों भाईयों के बीच विवाद होता रहता था. नितेश किराना दुकान चलाता था. और नीलेश बाजार में दुकान लगाकर सामान बेचने का काम करता था. नितेश को उसके व्यापार में बहुत नुकसान हुआ था. वह आर्थिक तंगी से गुजर रहा था. एसपी ने बताया कि नितेश पर लाखों रुपयों का कर्ज भी था. हालांकि वह कर्ज किश्तों में खत्म कर रहा था. नीलेश का किसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग भी चल रहा था. लेकिन जाति अलग होने की वजह से उसकी शादी नही हो पा रही थी. इससे भी नितेश नाराज रहता था. नितेश यहीं सोचता रहता था कि अगर उसके बड़े भाई की शादी नही हुई तो उसकी भी शादी नही होगी. इसके साथ ही प्रॉपर्टी को लेकर भी दोनों भाईयों के बीच लड़ाई होता रहता था. एसपी ने बताया कि बीते दिनों नितेश साइबर ठगी के एक मामले का भी शिकार हुआ था. फिलहाल पुलिस के द्वारा आरोपी नितेश गुप्ता को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है.


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**// निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) //**

निविदा विज्ञप्ति क्र.3962/05/नि.वि./लोनिवि/2024-2025 राजनांदगांव, दिनांक 09/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-29/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि-07/08/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 08/08/2024 अपरान्ह 11.30 बजे।

| एन.आई.क्र. निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनु. लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| | साधारण/ विशेष मरम्मत कार्य | | |
| 5 T 0006 | उपसंभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0007 | उपसंभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव के अंतर्गत अआवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0008 | उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0009 | उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत अआवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0010 | उपसंभाग चौकी के अंतर्गत आवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0011 | उपसंभाग चौकी के अंतर्गत अआवासीय भवन | 5.00 | 5000.00 |
| | पुल पुलियों का साधारण/ विशेष मरम्मत कार्य | | |
| 5 T 0012 | उपसंभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 0013 | उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव | 5.00 | 5000.00 |
| 5 T 000 | उपसंभाग चौकी | 5.00 | 5000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है ।

टीप :-ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा ।

जी -242500987

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

## ज्ञान मंथन

1) गीली मृदा का वह गुण जिसमें बल लगाने पर मृदा किसी ऐच्छिक रूप में बदली जा सके और बल हटाने पर उसी अवस्था में बनी रहे, इस गुण को क्या कहते है?
2) गल्फस्ट्रीम जलधारा किस नाम से जाना जाता है?
3) वैद्यनाथ मिश्र किस कवि का असली नाम है?
4) किस राज्य सरकार द्वारा पुनौरा धाम परियोजना को मंजूरी दी गयी है?
5) फ़ोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी नामक पुस्तक किसकी आत्मकथा है, जिसका हाल ही में विमोचन किया गया?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) मृदा सुघट्यता (2) यूरोप का गर्म कंबल (3) कवि नागार्जुन (4) बिहार (5) एमएम नरवणे

## शिक्षक व्यवस्था बनाने बीयो ऑफिस पहुंचे पलकगण एवं ग्रामवाशी सांगिनकछार



**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार की प्राथमिक शाला में विगत दो वर्षों से शिक्षक का अभाव है जिसकी जानकारी समय पर दे दी गई थी परंतु शिक्षक की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व शिक्षक की व्यवस्था के संबंध में पत्र जारी हुआ था परंतु उसका पालन नहीं किया गया शिक्षा के अभाव में शाला का शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है तीन दिवस के अंदर शिक्षा की व्यवस्था नहीं होने पर समस्त ग्राम वासी व पालकों द्वारा स्कूल में ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा आज डोंगरगांव के बीयो ऑफिस जाकर आवेदन देने पहुंचे कीर्तन चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम यादव, जितेन्द्र सिन्हा, सागर वर्मा दीपक वर्मा, लोमश नेवला, गणेश्वर सिन्हा,तुलेश वर्मा, रुपचंद कंवर ऐ सभी लोग उपस्थित थे।

## चैतराम यादव को पीएचडी की उपाधि



**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग के कला संकाय के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के हिन्दी विभाग के शोधार्थी चैतराम यादव ने शोध निर्देशक डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत (सहायक प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में डॉ. गणेश खरे के उपन्यासों में छत्तीसगढ़ का परिदृश्यष् विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। इस हेतु उन्हें (पीएचडी) डॉक्टर ऑफफिलोसफी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. गणेश खरे जो राजनांदगांव शहर के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। वे ख्याति लब्ध प्रखर भाषाविद् आचार्य नंददुलारे वाजपेयी के शिष्य थे। डॉ. खरे छत्तीसगढ़ के शिक्षा जगत से जुड़े रहे, इसलिए उनकी पैनी दृष्टि इस अंचल के तमाम क्षेत्रों में रही है, उनका राजनांदगांव शहर से मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे दिग्गज साहित्यकारों से नाता रहा है। शोधार्थी द्वारा उनकी रचना पर किया गया। शोध कार्य समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, पूर्व प्राचार्य (सेवानिवृत) डॉ. केएल टांडेकर, विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय, डा. चंद्रकुमार जैन, डॉ. प्रवीण साहू, डा. बीएन जागृत, रजिस्ट्रार डॉ. परगनिहा व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व शोधार्थियों ने बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# स्वच्छता नोडल शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सुश्री सुरुचि सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत चयनित 30 पंचायत के 50 स्कूलों के स्वच्छता नोडल शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत डोंगरगांव में जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में यूनिसेफ एवं वर्ल्ड विजन इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में स्वच्छता संबंधित स्कूल के साफ सफाई से लेकर व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली (मिशन लाईफ), सफाई कर्मचारी की सुरक्षा, गरिमा एवं सम्मान के संबंध में विस्तार पूर्वक बसंत मारकंडे वर्ल्ड विजन इंडिया-यूनिसेफ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वय सतीश ब्यौहरे एवं विकासखंड से विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे एवं विकासखंड स्तोत्र समन्वयक अरविंद रत्नाकर प्रतिभाग किया। साथ ही उपस्थित शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों को स्वच्छता एवं दैनिक जीवन में स्वच्छता के आयाम को अपने एवं बच्चों में स्वच्छता अनुकूल व्यवहार लाने हेतु प्रेरित किया गया।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में एक पेड़ माँ के नाम तथा जल शक्ति ने नारी शक्ति अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण



**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज राजनांदगांव शहरी क्षेत्र के लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 11 तथा रेवाडीह वार्ड क्रमांक 21 के आंगनबाड़ी केन्द्र में एक पेड़ माँ के नाम तथा जल शक्ति ने नारी शक्ति अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने सभी को जल संरक्षण करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा नन्हें बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को हरी साग-सब्जी, फल एवं पौष्टिक आहार देना है और उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, महिला बाल विकास विभाग से सुश्री रीना ठाकुर एवं अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रांगण को खुबसूरत रंगोली से सजाया गया था। मुनगा, कोचई, मेथी, सोयाबीन बड़ी, मुंगफल्ली एवं अन्य पौष्टिक आहार अभिभावकों को जानकारी देने के लिए प्रदर्शित किया गया। इस दौरान गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लाइका पहल चलाया गया है, जिसके तहत ऐसे बच्चों को पौष्टिक आहार देने के साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया गया है।

## युगांतर में गुड टच और बैड टच की दी गई जानकारी




**राजनांदगाँव।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देने हेतु एक कार्यशाला आयोजित हुई, जिसे स्कूल काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। उन्होंने विद्यार्थियों संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की व्यापक जानकारी होनी चाहिए । उन्हें गुड टच और बैड टच के तरीकों की अच्छे से पहचान होनी चाहिए। विद्यार्थियों को इससे समाधान के लिए भी प्रयास करना चाहिए और इसके बारे में विद्यालय के काउंसलर तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को तुरंत बताना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधु पी चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों ने गुड टच और बैड टच को जानना सीखा है। इस प्रभावी आयोजन के लिए विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा , निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रभारी श्वेता मूंदड़ा सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# जिले के सभी हितग्राहियों को निर्धारित समय में राशन वितरण सुनिश्चित करें-कलेक्टर जनमेजय महोबे



**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन, उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था, जिला सहकारी बैंक और नान की संयुक्त बैठक लेकर पीडीएस में राशन वितरण, राशन भंडारण, धान उठाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण और खाद्यान्न भंडारण के वस्तु स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि योजना के अंतर्गत राशन वितरण सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जिले के वनांचल बैगा बहुला क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए सभी हितग्राहियों को निर्धारित समय में राशन का वितरण सुनिश्चित करने के कड़ी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य निरीक्षक इन क्षेत्रों में संचालित उचित मूल्य की दुकानों का लगातार निरीक्षण करें और उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा कोई लापरवाही या हितग्राहियों से गलत व्यवहार की शिकायत मिलती है, तो जांच कर उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित खाद्य विभाग, उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था, डीएमओ, जिला सहकारी बैंक और नान के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर महोबे ने कहा कि सभी खाद्य निरीक्षक जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करे इसके लिए खाद्य अधिकारी को खाद्य निरीक्षको का रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी उचित मूल्य दुकान में कोई समस्या आती है तो हितग्राही खाद्य निरीक्षक को सूचित करे, इसके लिए सभी दुकानों में खाद्य निरीक्षक का मोबाइल नंबर चस्पा करने के निर्देश दिए। जिससे राशन संबंधित समस्या आने पर सूचित कर तत्काल निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे बैगा क्षेत्र जहां उचित मूल्य दुकान दूर है और राशन पहुंचने में दिक्कतें आ रही है, उन क्षेत्रों में पंचायत के सहयोग से स्थानीय स्तर पर राशन का वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अंत्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन, एकल निराश्रित तथा अन्नपूर्णा श्रेणी के राशनकार्डधारियों को फोर्टीफाइड चावल का वितरण किया जाता है, जो पौष्टिक होता है। उन्होंने बैगा सहित सभी क्षेत्र में फोर्टीफाइड चावल के महत्व बताने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए गांव और उचित मूल्य दुकानों में बैनर में नारा लेखन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में संचालित उचित मूल्य दुकान में राशन भंडारण की जानकारी ली। उन्होंने देरी से भंडारण के लिए कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उचित मूल्य दुकानों में राशन का भंडारण निर्धारित समय में होना चाहिए। हितग्राहियों को समय पर राशन मिलना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राशनकार्ड नवीनीकरण व राशनकार्ड में ई-केवायसी के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण कार्यों में तेजी लाए इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

# मशरूम फायदेमंद, लेकिन जहरीले मशरूम को खाने से बचें : डॉ. त्रिपाठी

### मशरूम में चटक रंग, रिंग्स बने दिखे तो खाने से बचें

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में मशरूम की मांग तेज है। एक हजार रूपए किलों तक लोग इसे खरीद रहे है। बारिश के शुरू होते ही जिले में स्थानीय मशरूम की भरमार हो जाती है।बरसात शुरू होने के साथ ग्रामीण सहित वनांचल क्षेत्रों से जहरीले मशरूम खाकर बीमार पड़ रहे है। ऐसे में जहरीले मशरूम की पहचान के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। प्राकृतिक मशरूम को ग्रामीण समेत शहरी क्षेत्र के लोग बड़े चाव से खाते है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में स्थानीय मशरूम की सही जानकारी नही होन के कारण कइ बार लोग जहरीले मशरूम का सेवन कर लेते है।

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी. पी. त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगे सभी स्थानीय मशरूम खाने योग्य नही होते है, इसकी पहचान जरूरी है। मशरूम की प्रजाति, बनावट, आकार, रंग, गंध स्थान व मौसम के आधार पर पहचान की जा सकती है। मशरूम एक प्रकार का कवक होता है। बरसात के मौसम में प्राकृतिक रूप से उगने वाले मशरूम दोनो ही अपने स्वाद, पौष्टिक व औषधीय गुणों के कारण प्रसिद्ध है। यही कारण इसकी मांग अधिक है। मशरूम प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें 20-35 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा विद्यमान रहता है। इसमें विटामीन सी, विटामीन डी, पोटेशियम, फास्फोरस, सोडियम तथा सूक्ष्म मात्रा में लोहा भी पाया जाता है। जो मानसिक तनाव से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें वसा, स्टार्च, कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होता है। डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक मशरूम एक निश्चित मौसम में ही मिलता है। जहरीले मशरूम में एक घातक एमाटॉक्सिन होता है, जिस कारण पेट में दर्द, उल्टी, दस्त, सिर दर्द, चक्कर आना व छोटा से लेकर गंभीर बीमारी हो सकती हैं।







### मशरूम जहरीला या नही ऐसे जान सकते है-

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगने वाले स्थानीय मशरूम खुखडी, पिहरी, पुटु जिनके रंग लाल, नीला, पीला, हरा,चितकबरा, बैगनी व नारंगी हो उसे खाने में प्रयोग न करे। इसके सेवन से बचने का प्रयास करें। मशरूम में यदि छतरी के पास या तने में रिंग्स दिखाई दे तो उसे न खाए, यह जहरीला हो सकता है। कई स्थानीय जंगली मशरूम से चिपचिपा पदार्थ या दूध निकलता है वो भी जहरीली हो सकता है, इसे खाने से बचें, यह सेहत खराब कर सकता है। यदि मशरूम को लंबाई में काटा जाए और कटा हुआ हिस्सा नीला हो जाए तो समझिए मशरूम जहरीला है, इसे न खाएं। खेत व जंगलों में निकलने वाले मशरूम की छतरी यदि चपटी हो तो उसे न खाएं। दलदल या गोबर में उगे खुखड़ी, मशरूम भी जहरीला हो सकता है।

## धर्म समाचार....

# भरत किस मार्ग से अयोध्या से कैकेय गए और किस मार्ग से वापस आये?



ये तो हम सभी जानते हैं कि रामायण में श्रीराम के राज्याभिषेक से पहले ही भरत और शत्रुघ्न अपने ननिहाल कैकेय देश चले गए थे। बाद में जब महाराज दशरथ की मृत्यु हुई तो गुरु वशिष्ठ ने दूतों को कैकेय देश भेजा ताकि वे भरत और शत्रुघ्न को वापस ले कर आ सकें। जिस मार्ग से दूत कैकेय पहुंचे और जिस मार्ग से भरत और शत्रुघ्न सेना सहित वापस आये, उसका विस्तृत वर्णन रामायण में दिया गया है।

वालमीकि रामायण के अयोध्या कांड के 68वें सर्ग में ऐसा वर्णन है कि महर्षि वशिष्ठ ने पांच दूतों - सिद्धार्थ, विजय, जयंत, अशोक और नंदन, इन्हे कैकेय भेजा। तब वे पांचों कैकेय राज के लिए बहुमूल्य उपहार और राहखर्च लेकर पहले अपने घर गए और फिर तुरंत ही वे यात्रा के लिए निकले। वे पहले अपरताल नामक पर्वत के नीचे बहने वाली मालिनी नदी के तट पर आगे बढे। फिर वे हस्तिनापुर पहुंचे और गंगा को पार कर वे पांचाल और फिर कुरुजङ्गल प्रदेश से होकर आगे बढे। इसके बाद उन्होंने शरदण्डा नदी को पार किया जिसके पार सत्योपयाचन नाम का एक दिव्य वृक्ष था जिसपर देवता वास करते थे। वे पांचों उसकी परिक्रमा कर आगे बढे और कुलिङ्गा नामक नगर में पहुंचे।

वहां से उन्होंने तेजोभिभवन और अभिकाल नामक गावों को पार किया। फिर वे इक्षुमती नाम की नदी को पार कर बाह्लीक देश के मध्य में स्थित सुदामा नाम के पर्वत तक पहुंचे। उस पर्वत पर श्रीहरि के चरणों के चिह्न थे जिसके दर्शन कर वे विपाशा नदी के तट से आगे बढे और अंततः गिरिव्रज में पहुंचे। फिर वहां से वे सीधे राजभवन पहुंचे और भरत को गुरु वशिष्ठ का सन्देश सुनाया। गुरुदेव की आज्ञा अनुसार उन्होंने दोनों को ये नहीं बताया कि महाराज दशरथ की मृत्यु हो चुकी है।

फिर उन दूतों ने अपने साथ लाये गए उपहार को दिखाते हुए भरत से कहा कि इन उपहारों में से 20 करोड़ की लागत का सामान आपके नाना कैकेयनरेश के लिए और 10 करोड़ की लागत का सामान आपके मामा के लिए है। तब वे उपहार लेकर भरत और शत्रुघ्न अपने नाना के पास गए और उनसे अयोध्या वापस लौटने की आज्ञा मांगी। तब उनके नाना महाराज अश्वपति ने बहुत से हाथी, विचित्र कुत्ते, कालीन, मृगचर्म, 1600 घोड़े, 2000 स्वर्ण मुद्राएं और बहुत सा धन देकर उन्हें वापस जाने की आज्ञा दी।

## महर्षि रुरु और प्रमद्वरा की कथा

आज वट सावित्री का पर्व है। सावित्री के पात्रिव्रत के विषय में हमने एक लेख पहले ही प्रकाशित किया है जिसे आप यहाँ पढ़ सकते हैं। सावित्री और उन जैसे अनेकों पतिव्रताओं की कथा से हमारे ग्रन्थ भरे पड़े हैं पर आज हम आपको एक ऐसे पुरुष की कथा सुनाते हैं जिन्होंने अपने मृत पत्नी के प्राण यमराज की कृपा से वापस प्राप्त किये।

इस कथा का वर्णन हमें व्यास महाभारत के आदि पर्व के अध्याय 8 से 12 तक में मिलता है। इस कथा के अनुसार महर्षि भृगु एवं पौलोमा के पुत्र महर्षि च्यवन और उनकी पत्नी सुकन्या के एक पुत्र थे प्रमति। वे बड़े तेजस्वी थे। उनका अनुराग घृताची नामक अप्सरा पर हुआ और उन दोनों के एक पुत्र हुए रुरु।उसी कल में गन्धर्व विश्वावसु और अप्सराओं में श्रेष्ठ मेनका के संसर्ग से एक कन्या का जन्म हुआ। उस कन्या को मेनका ने एक आश्रम के निकट नदी तट पर छोड़ दिया और वापस स्वर्ग लोक चली गयी। वो आश्रम महर्षि स्थूलकेश का था। जब महर्षि स्थूलकेश ने एक कन्या को अपने आश्रम के पास देखा तो उन्होंने दयावश उसे अपनी दत्तक पुत्री के रूप में अपना लिया। वो कन्या संसार की समस्त प्रमदाओं, अर्थात सुंदर स्त्रियों से श्रेष्ठ दिखती थी इसीलिए महर्षि ने उसका नाम प्रमद्वरा रखा। समय बीता और प्रमद्वरा युवा हो गयी। उसका सौंदर्य अप्सराओं को भी लज्जित कर देने वाला था। एक बार ऋषि प्रमति अपने पुत्र रुरु के साथ महर्षि स्थूलकेश के आश्रम में उनसे मिलने पहुंचे। वहां रुरु ने प्रमद्वरा को देखा और उसके प्रति आकृष्ट हो गए। तब उन्होंने परोक्ष रूप से अपने पिता को अपनी इच्छा बताई। अपने पुत्र की इच्छा पर महर्षि प्रमति ने महर्षि स्थूलकेश से प्रमद्वरा को अपनी पुत्रवधु के रूप में मांग लिया।इससे महर्षि स्थूलकेश बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने अपनी कन्या का वाग्दान कर दिया और आने वाले उत्तरफाल्गुनी नक्षत्र में उन्होंने प्रमद्वरा और रुरु का विवाह निश्चित कर दिया। समय बीता और विवाह का मुहूर्त निकट आ गया। एक दिन प्रमद्वरा अपनी सखियों के साथ वन विहार को गयी। मार्ग में एक विषधर सर्प सो रहा था। प्रमद्वरा ने उसने नहीं देखा और उस पर पैर रखकर बढ़ गयी। इस पर उस सर्प ने उसे डस लिया और प्राणशून्य हो पृथ्वी पर गिर पड़ी। तब उसकी सखियों ने तत्काल महर्षि स्थूलकेश को वहां बुलाया। प्रमद्वरा की खबर सुन कर प्रमति, रुरु, स्वास्त्यत्रेय, महाजानु, कुशिक, शांकमेखल, उद्दालक, कठ, श्वेत, भारद्वाज, कौणकुत्स्य, आर्ष्टिषेण, गौतम आदि महर्षि वहाँ आ गए।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# छत्तीसगढ़ माटी के लिए नक्सलियों से लोहा लेने वाले शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगाँव( नांदगाँव टाइम्स )।** 12 जुलाई 2009 को मानपुर के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से अदम्य साहस व वीरता के साथ लोहा लेते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शहीद विनोद कुमार चौबे, निरी. शहीद विनोद ध्रुव, उनि. शहीद कोमल साहू, उनि. शहीद धनेश साहू, प्रआर. शहीद सुन्दर लाल चौधरी, प्रआर. शहीद दुष्यंत सिंह, आर. शहीद प्रेमचंद पासवान, आर. शहीद अरविन्द शर्मा, प्रआर. शहीद गीता भंडारी, प्रआर. शहीद जखरियस खल्खो, प्रआर. शहीद संजय यादव, आरक्षक शहीद प्रकाश वर्मा, आर. शहीद बेदूराम सुर्यवंशी, आर. शहीद सुभाष कु.बेहरा, आर. शहीद टिकेश्वर देशमूख, आर. शहीद सुर्यपाल वट्टी, आर. शहीद अजय कु.भारद्वाज, आर. शहीद मनोज वर्मा, आर. शहीद लोकेश छेदइया, आर. शहीद श्यामलाल भोई, आर. शहीद मिथलेश कु. साहू, आर. शहीद रजनिकान्त, आर. शहीद निकेश यादव, आर. शहीद संतराम साहू, आर. शहीद झाडूराम वर्मा, आर. शहीद अमित नायक, आर. शहीद वेदप्रकाश यादव, आर. शहीद रितेश कु.वैष्णव, आर. शहीद लालबहादुर नाग के शहादत को नमन करते हुए उनकी शहादत दिवस पर आज जिले के रक्षित केन्द्र एवं समस्त थाना/चौकी/कैम्प में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से शहीद विनोद चौबे के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के शहीदों के स्मारक एवं मंगल भवन में वीर सपूतों की तस्वीरों पर श्रद्धाशुमन चढ़ा कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया. तत्पश्चात् मंगल भवन प्रांगण में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा वृक्षारोपण किया गया. शहीद परिवार के सदस्यों को शॉल, श्रीफल भेंट किया गया और उनकी समस्या पूछकर त्वरित निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया. इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर राजनांदगांव हेमा देशमुख, खूबचंद पारख, जिलापंचायत अध्यक्ष, गीता घासी साहू, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, कुलबीर छाबड़ा, किशुन यदु, भरत वर्मा एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजली दिया गया. आई.जी. रामगोपल गर्ग एवं एस.पी. मोहित गर्ग एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करके शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजली दी गई.









उक्त कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपल गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बंसल, कमाण्डेन्ट आई.टी.बी.पी. दिनेश कुमार, आयुक्त नगरनिगम अभिषेक गुप्ता, ए.डी.एम. खेमलाल वर्मा, ए.डी.एम. इंदिरा देवहारी, ए.डी.एम. सी.एल.मारकण्डेय, पुलिस अधीक्षक पी.टी.एस., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं.चौकी मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स राजनांदगांव मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक, डी.एस.पी. दिलीप सिसोदिया, डी.एस.पी. अजीत ओगरे, डी.एस.पी. तनुप्रिया ठाकुर, डी.एस.पी. मोहला-मानपुर-अं.चौकी ताजेश्वर दीवान, उप सेनानी 8वीं वाहिनी प्रशांत कतलम, रक्षित निरीक्षक अरविंद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर एवं जिला राजनांदगांव के अधिकारी/कर्मचारीगण, शहीद परिवार के सदस्यगण व गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे.

# महापौर हेमा देशमुख ने मदनवाड़ा में हुये शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने ठा.प्यारे लाल चौक स्थित शहीद चौबे की प्रतिमा में उनकी धर्म पत्नी रंजना चौबे तथा पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में मदनवाड़ा में शहीद हुये पुलिस अधीक्षक स्व. विनोद चौबे सहित 28 पुलिस कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व महापौर देशमुख पुलिस लाईन स्थित रक्षित केन्द्र में आयोजित श्रद्धांजली सभा में सम्मलित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सांत्वना दी एवं शहीद दिवस के अवसर पर छात्र युवा मंच द्वारा नगर निगम सभागृह टाउन हॉल में आयोजित रक्त दान शिविर में रक्त वीरो से महापौर एवं आयुक्त ने मुलाकात कर शहीद जवानों के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। महापौर देशमुख ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा के जंगलो में हमारे वीर पुलिस जवानों ने अपने प्राणों की परवाह न कर नक्सलियों से लोहा लेते हुये जाबाज पुलिस अधीक्षक शहीद श्री विनोद चौबे एवं उनके टीम के 28 पुलिसकर्मी शहादत को प्राप्त हुये। उन्होंने कहा कि एस.पी. शहीद विनोद चौबे छत्तीसगढ के नक्सल आपरेशन में शहादत होने वाले देश के पहले आई.पी.एस. अधिकारी थे, जो नक्सली मुडभेड में शहीद हुये। उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। श्री चौबे सहित 29 जवान शहीद हुये थे। ऐसे महान पुलिसकर्मीयों को हम नमन करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित करते है। इस अवसर पर पुलिस जवान सहित नगरवासी उपस्थित होकर पुष्पांजली अपिर्त किये।

## पार्षद ने किया आंगनबाड़ी में पौधा रोपण, पाँच पौधा लगा कर सिखाई पाँच प्रतिज्ञाएं



**राजनाँदगाँव।** आज राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में पौधारोपण करते हुए शासन प्रशासन की मुहिम को आगे बढ़ने का प्रयास किया गया जहां पांच पौधे लगाकर पांच प्रतिज्ञाएं दिलाने का कार्य भी किया गया। पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि राजीव नगर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक की सक्रिय कार्यकर्ता एवं सहायिका के माध्यम से यह आयोजन कराया गया जिसमें वार्ड पार्षद सहित रिटायर्ड पुलिसकर्मी बिहारी लाल जी सेन,गांधी नर्सिंग होम मैं कार्यरत बसंतपुर निवासी ताईवाड़े जी,वार्ड के वरिष्ठ संतोष यादव जी सहित वार्ड की महिलाएं एवं बच्चों की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ। आगे कहा कि पांच पौधा रोपटे हुए पांच प्रतिज्ञाएं भी ली गई जिसमें पहली प्रतिज्ञा रिटायर्ड पुलिसकर्मी श्री बिहारी लाल सेन जी ने मदनवाड़ा में शहीद हुए 29 पुलिसकर्मी सहित पुलिस अधीक्षक वीके चौबे को श्रद्धांजलि देते हुए सदैव देशहित में कार्य करने के लिए दिलाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना मेश्राम ने दूसरी प्रतिज्ञा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ दिलाते हुए नारी शक्ति को सशक्त किया।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने पदोन्नति हेतु डीईओ का आभार माना

**राजनांदगांव।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव द्वारा सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हेतु 12 जुलाई को डीपीसी कर दिया गया है। इससे राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और छुरिया ब्लाक मिलाकर लगभग 165 सहायक शिक्षक पदोन्नति प्राप्त कर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बन जायेंगे। जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने बताया कि इस पदोन्नति से सहायक शिक्षकों जिन्हें पदोन्नति मिल रहा है उन सहायक शिक्षकों में बहुत उत्साह है। एक लंबे अर्से के बाद पदोन्नति की आस लिए लोगों की इच्छा पूरी हो रही है। सहायक शिक्षकों की पदोन्नति हेतु सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन निरंतर प्रयासरत रहा है। जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा है कि इस संबंध में प्रदेश फेडरेशन द्वारा समय- समय पर मुख्यमंत्री ,विभागीय मंत्री और जिला ईकाई द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कर पदोन्नति हेतु मांग करते रहे हैं जिसके फलस्वरूप सहायक शिक्षकों को पदोन्नति मिल रहा है। इस प्रकार फेडरेशन की सक्रियता रंग लाई है।इस पर खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, स्थापना प्रभारी महेश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किए हैं और पदोन्नति प्राप्त कर रहे शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। वहीं पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों को निरंतर प्रयासरत हेतु आभार व्यक्त किया है । जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा,जिला अध्यक्ष रमेश साहू , प्रांतीय संयुक्त सचिव मिलन कुमार साहू ,जिला संयोजक ओम प्रकाश साहू, ललित प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे,ब्लॉक अध्यक्ष गण रोशन लाल साहू राजनांदगांव ,हीरालाल मौर्य डोंगरगढ़, कीरत गणवीर छुरिया प्यारे लाल साहू साहू डोंगरगांव ,जिला पदाधिकारी भरत साहू,बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, उमेश देश लहरा, सूरज शर्मा, नरेंद्र साहू,मोमन साहू मुकेश देवांगन ,खिलावन ठाकुर, चेतन दुबे, दीपक साहू,अमृत दास साहू ,चंद्रशेखर विजयवार,राजेश देवांगन, पुनीत राम साहू, नंद कुमार साहू,विष्णु प्रसाद साहू , देवेन्द्र कुमार खोब्रागड़े, डालेश्वर देवांगन,लक्ष्मी देवांगन, श्वेता श्रीवास्तव, ज्योति साहू ,अनुपम सोनी, जाह्नवी साहू

# अटल विहार योजना पेण्ड्री ईडब्ल्यूएस भवनों की पंजीयन एवं बुकिंग प्रारंभ

**राजनांदगांव।** पक्षी भी शाम को जब नीले आसमान में विचरण कर लौटती है तो अपने द्वारा बनाये घोंसले में आती है। उसे अपने ठिकाने का पता होता है, इसी तरह घर का सपना हर व्यक्ति संजोता है। व्यक्ति अपनी जीवन भर की पूंजी एक भवन बनाने में अथवा खरीदने में लगा देता है। किन्तु यदि वह एक घर, अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी में बनाता है या खरीदता है तो उसे आजीवन मलाल होता है, कि उसे वह सुविधाएं नहीं मिली जिसे वह चाहता था। ऐसे भवन या भूखण्ड खरीदने हेतु लोगों को होम लोन भी नहीं मिलता है एवं वे पर्सनल लोन लेकर, भारी भरकम ब्याज पटाकर ऐसा घर खरीदते है जो पूर्ण रूप से वैध नहीं है एवं वर्षो तक विविध प्रकार की असुविधाओं का सामना करते है। यदि लोग पूर्ण रूप से वैध कॉलोनी में भवन प्राप्त करने के इच्छुक है तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा विकसित कॉलोनियों में भवन क्रय करना सबसे सरल एवं पूर्ण रूप से सुरक्षित होता है क्योंकि मण्डल की योजनाओं हेतु भूमि का आबंटन शासन द्वारा किया जाता है। योजना का अभिन्यास नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत होता है एवं योजना रेरा पंजीकृत होती है। इसके अतिरिक्त मण्डल की कॉलोनियों में भवन क्रय करने निर्माण हेतु गृह ऋण प्रदान करने हेतु सभी बैंक तत्पर रहते है। इन कारणों से छत्तीसगढ़ गृह मण्डल द्वारा विकसित कॉलोनियों में भवन क्रय करना सबसे सुरक्षित विकल्प है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा राजनांदगांव में अनेकों कॉलोनी विकसित की गई है, जिसमें अटल विहार योजना पेण्ड्री प्रमुख है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के समीप मण्डल द्वारा विकसित एवं राज्य प्रवर्तित अटल विहार योजना पेण्ड्री में 556 नग है विभिन्न श्रेणीयों के भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य, प्रथम चरण में पूर्ण किया जा चुका एवं कॉलोनी पूर्ण रूप से विकसित है तथा कॉलोनी का हस्तांतरण नगर पालिक निगम राजनांदगांव को वर्ष 2021 में किया जा चुका है। प्रथम चरण में निर्मित लगभग सभी भवनों का विक्रय किया जा चुका है व कॉलोनी में आबंटी निवासरत है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार कॉलोनी पेण्ड्री में द्वितीय चरण में 32 नग ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण प्रस्तावित है ।

# शिक्षा मंत्री मोहन मरकाम ने मुलाक़ात कर शोक संवेदना व्यक्त किये



**राजनांदगाँव।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मजदूर कांग्रेस (इंटक) राजनांदगाँव के शहर अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र देवांगन जी पिता जी के देव लोक गमन पर शोक संतप्त परिवार से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व शिक्षा मंत्री मोहन मरकाम जी ने मुलाक़ात कर शोक संवेदना व्यक्त किये द्य उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शारदा तिवारी, प्रदेश महामंत्री मा, शाहिद भाई, प्रदेश सचिव मा, मेहुल मारु जी, संभाग प्रवक्ता कमल जीत सिंह पिंटू जी, शहर अध्यक्ष कूलबीर सिंह छाबड़ा जी, ब्लॉक अध्यक्ष मा, आसिफ अली जी, शैलेष ठावरे जी,प्रियेश मेश्राम जी, राहुल गजभीये जी,जीतू सिन्हा जी, पहुंचे द्य स्थानीय कांग्रेस डॉ, सुरेन्द्र चंद्राकर जी, शिव साहू जी, डॉ, दीपक वर्मा जी, राजा देवांगन जी,दास बाबू जी, एवं चंद्र मणि वर्मा जी भी देवांगन निवास वार्ड न,03 मोतीपुर उपस्थित हुए।

# राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिये खेल अकादमी संचालन नियम-2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई 2024 तक सुबह 7 बजे से किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यो के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन एवं दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में तथा द्वितीय एवं तृतीय दिवस खेल कौशल परीक्षण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-01, रायपुर में किया जाएगा।

## गायत्री परिवार द्वारा चांदो में वृहद वृक्षारोपण अभियान

**डोंगरगांव।** अंचल के आदर्श ग्राम चांदो में गायत्री परिवार द्वारा दो दिन तक श्रीराम स्मृति उपवन में इजवृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे 500 से अधिक पौधे का रोपण किया जाना है।रोपण हेतु पौधा गायत्री परिवार के कार्यकताओं द्वारा अंशदान करके खरीद के लाया गया है,जिसमे फलदार,छायादार तथा औषधीय गुणों वाले पौधे शामिल है।बता दे विगत वर्ष पांच एकड़ जमीन में गायत्री परिवार एवम् जन सहयोग से उपवन का निर्माण किया है जिसमे 1300 पौधे का रोपण किया गया था जो कि वर्तमान में 1200 से अधिक पौधे जीवित और सुरक्षित है। पौधों का देखभाल स्थानीय युवाओं द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया जाता है

# सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही अनवरत जारी

## इस सप्ताह दो दिन में 22 सार्वजनिक नल कटा

### निगम की टीम अभियान चला इस माह अब तक 74 सार्वजनिक नल काटे



**राजनांदगांव।** निगम सीमाक्षेत्र निवासरत लोगों को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम राजनांदगांव हमेशा प्रयासरत रहता है। सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये निगम की जल विभाग की टीम वार्डो में लगे सार्वजनिक नल जो अधिकांशतः टोटी विहीन तथा अनावश्यक बहते रहते है उसे काटने की कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर जल विभाग की टीम इस माह जुलाई में अनावश्यक सार्वजनिक नल काटने के लिये अभियान चला रही है, टीम के द्वारा अब तक 74 सार्वजनिक नल काटा गया है। इस सप्ताह दो दिनों में गुडाखू लाईन, ब्राम्हण पारा, सोनार पारा, डबरी पारा क्षेत्र के 22 अनुपयोगी सार्वजनिक नल काटे गये। निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने अपने वार्डो में निर्माण कार्यो के अलावा अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जॉच कर जल विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे है, रिपोर्ट के आधार पर जल विभाग की टीम द्वारा अनुपयोगी सार्वजनिक नलों को काटा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वार्डवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने निगम द्वारा मांग अनुसार सार्वजनिक नल लगाया गया था, किन्तु अब लोगों के घर निजी नल कनेक्शन लेने तथा शासन योजनांतर्गत नल लगने से सार्वजनिक नल अनावश्यक बहते रहते है, उपयोगी नही होने के कारण अधिकांश नलों का टोटी भी टूट गया है, जिससे पानी बहते रहता है। बाहर पानी बहने से घरो में पर्याप्त प्रेशर से पानी सप्लाई नहीं हो पाता। इन बातो को ध्यान में रखकर आयुक्त महोदय के निर्देश पर टोटी विहीन सार्वजनिक नल काटने की कार्यवाही की जा रही है। ताकि लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। टोटी विहीन नल काटने का अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ किया गया और शिकायत के आधार पर अब तक इस माह 10 दिनों में 74 अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नलो को काटा गया। इसी कडी में इस सप्ताह 2 दिनों में गुडाखू लाईन से 1, गोशाला पारा से 4, ब्राम्हण पारा से 3, सोनार पारा व शीतला मंदिर रोड से 3-3 दुर्गा चौक लकडी टाल के पीछे से 1 व डबरी पारा से 7 नल, इस प्रकार शिकायत व जॉच के आधार पर 22 बिना टोटी के अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल काटा गया। जॉच एवं शिकायत के आधार पर आगे भी बिना टोटी के नल काटने की कार्यवाही की जावेगी, ताकि वार्डो में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com